## न्यूज विंडो

### खेल संघों में भी होनी चाहिए 'सर्जिकल स्ट्राइक' : सीएम चौहान

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि खेलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए, इसलिए देश में खेल संगठनों से अयोग्य लोगों को हटाने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरुरत है. प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को दिए जाने वाले प्रतिष्ठित 'शिखर खेल अलंकरण 2016' समारोह में चौहान ने कहा, " आजकल सर्जिकल स्ट्राइक का जमाना चल रहा है. ऐसे लोग जिनका खेलों से लेना-देना नहीं है वे खेल संघों में आसनस्थ हैं. यह बेहतर होगा कि जिनका खेलों से वास्ता है और जिनके मन में खेलों को आगे बढ़ाने के लिए तड़प है वे ही खेल संघों से जुड़ें."

### मार्टिन गुप्टिल कीवी टीम से बाहर



**वेलिंगटन:** खराब फॉर्म से जूझ रहे सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल समेत पांच खिलाड़ियों को पाकिस्तान के खिलाफ अगले सप्ताह शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से बाहर कर दिया गया है. गुप्टिल ने भारत दौरे पर 21, 0 , 13, 24, 72 और 29 का स्कोर किया. स्पिनर ईश सोढ़ी और जीतन पटेल के साथ तेज गेंदबाज डग ब्रेसवेल और विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची को भी 13 सदस्यीय टीम से बाहर किया गया है.

### वर्ल्ड एथलेटिक्स अवार्ड की होड़ में यूसेन बोल्ट और अल्माज अयाना

**नई दिल्ली :** दुनिया के सबसे तेज धावक और रियो ओलंपिक में अपना 'ट्रिपल-ट्रिपल' पूरा करने वाले जमैका के यूसेन बोल्ट वर्ष 2016 के लिए आईएएएफ वर्ल्ड एथलेटिक्स अवार्ड की होड़ में सबसे आगे हैं, जबकि महिलाओं में इथोपिया की अल्माज अयाना फाइनलिस्टों में शामिल हैं. अंतर्राष्ट्रीय एमेच्योर एथलेटिक्स फेडरेशन के सालाना सर्वश्रेष्ठ एथलीट अवार्ड के अन्य फाइनलिस्टों में ब्रिटेन के मो. फराह और दक्षिण अफ्रीका के वाएडे वैन निकेर्क भी शामिल हैं. अवार्ड समारोह से सिर्फ एक माह पहले आईएएएफ ने इसके लिए नामित खिलाड़ियों की घोषणा की है.

### थिरकतीं चीयरलीडर्स...

एएफपी



अमेरिकी पेशेवर बास्केटबॉल टीम इंडियाना पेसर्स की चीयरलीडर बुधवार को फिलाडेल्फिया के खिलाफ मुकाबले के दौरान थिरकती हुईं. मुकाबला फिलाडेल्फिया में खेला गया.

### ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट में बड़े लम्हों की पहचान करनी होगी: गिलक्रिस्ट

**मुंबई:** पूर्व कप्तान एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि हाल के नतीजों को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया को उन बड़े लम्हों की पहचान करने में कड़ी मेहनत करनी होगी, जहां उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है. गिलक्रिस्ट को लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अधिकांश मौके पर विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का मौका दिया है. गिलक्रिस्ट ने कहा, "ऑस्ट्रेलिया उस टेस्ट मैच (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पर्थ में) में काफी हद तक दबदबे वाली स्थिति में थे. यहां तक कि श्रीलंका में कम से कम दो टेस्ट मैच में वे सचमुच में दबदबे वाली स्थिति में थे पर उन्होंने विरोधी टीम को वापसी का मौका दिया. इसलिए यह उनकी सबसे बड़ी चिंता है. "

### हेराथ के 13 विकेट, श्रीलंका का जिम्बाब्वे के खिलाफ क्लीन स्वीप

**हरारे:** श्रीलंका के करिश्माई लेफ्ट आर्म स्पिनर रंगना हेरात ने 63 रन पर आठ विकेट लेकर जिम्बाब्वे को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को दूसरी पारी में 233 रन पर ध्वस्त कर दिया. श्रीलंका ने यह मैच 257 रन के बड़े अंतर से जीतकर सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया. जिम्बाब्वे ने 491 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 180 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पारी 233 रन पर समाप्त हुई. हेरात ने जिम्बाब्वे के शेष बचे तीनों विकेट निपटा दिए. नाबाद बल्लेबाज क्रेग इरविन 65 रन से आगे खेलते हुए 72 रन बनाकर आउट हुए. हेरात ने 23 ओवर में 63 रन देकर आठ विकेट झटके. उन्होंने मैच में कुल 13 विकेट हासिल किए.

संकल्प • विवाह के तीन दिन बाद ही अखाड़े में लौटने का फैसला, 20 नवंबर को शादी

# प्रो रेसलिंग लीग के लिए गीता फोगट ने हनीमून टाल दिया

नई दिल्ली । 10 नवंबर । ब्यूरो

देश की पहली महिला ओलंपियन पहलवान गीता फोगट प्रो रेसलिंग लीग को लेकर काफी गंभीर हैं और पूरी मजबूती के साथ इसमें अपनी चुनौती पेश करना चाहती हैं, जिसके मद्देनजर उन्होंने 20 नवंबर को अपनी शादी के तीन दिन बाद फिर अखाड़े में लौटने का निर्णय किया है. साथ ही अपने हनीमून को भी फिलहाल टाल दिया है. गीता ने बताया कि वह अपनी शादी के एक दिन पहले तक कुश्ती का अभ्यास जारी रखेंगी.

**पहले कामयाबी, फिर हनीमून**

गीता ने बताया कि उनके मंगेतर पवन भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवान हैं. उन्होंने कहा, "हम पीडब्ल्यूएल में खेलना चाहते हैं. किसी एक टीम में खेलने की बात कहकर हम किसी फ्रेंचाइजी मालिक पर दबाव नहीं बनाना चाहते. हमने फिलहाल शादी के बाद कहीं घूमने का प्रोग्राम भी पीडब्ल्यूएल तक टाल दिया है. इस लीग में एक मुकाम हासिल करने के बाद घूमने के बारे में सोंचेंगे."



**रंग लाएगा गीता और साक्षी का संघर्ष**

पिछले दो वर्षों में साक्षी मलिक के साथ गीता के मुकाबले इतने रोचक रहे कि जिसने उन्हें देखा, वह बस देखता ही रह गया, किंतु रियो ओलंपिक में पदक जीतने के साथ ही साक्षी सुर्खियों में आ गईं. गीता कहती हैं कि साक्षी ने अपने खेल को ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, जो उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण है. उन्होंने कहा, " मैं उनसे हुई हार का बदला लेने के बारे में नहीं सोच रही. मुझे बस अपनी कुश्ती कला से सबका दिल जीतना है."

गीता-पवन की शादी चरखी दादरी जिले स्थित घर से 15 किलोमीटर दूर एक रिजोर्ट में है. वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए बॉलीवुड स्टार आमिर खान डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह सहित अलग- अलग क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे.

### एंडरसन को दूसरे टेस्ट मैच में वापसी की उम्मीद

**राजकोट:** कंधे की चोट के चलते भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को विशाखापट्टनम में 17 नवंबर से होने वाले दूसरे टेस्ट में वापसी की उम्मीद है. इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट मैचों में सबसे अधिक विकेट लेने वाले एंडरसन कंधे की चोट के चलते गत अगस्त से टीम से बाहर चल रहे हैं, लेकिन उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह टीम इंडिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट से टीम में वापसी कर सकेंगे.

एंडरसन ने कहा, "मैं पिछले कुछ समय से कड़ी मेहनत कर रहा हूं और वापसी के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं. मैंने इस दौरान नेट पर कुछ ओवर भी फेंके हैं और मैं किसी भी तरह की दिक्कत महसूस नहीं कर रहा हूं. मेरा लक्ष्य दूसरे टेस्ट से मैदान पर वापसी करना है और मुझे उम्मीद है कि मैं इससे पहले पूरी तरह फिट हो जाऊंगा."

रिपोर्टों की माने तो एंडरसन तीसरे या चौथे टेस्ट से ही वापसी कर सकते हैं.

# बैटिंग फ्रेंडली पिचों पर विकेट लेना असली चुनौती

## भज्जी ने कहा-इंग्लैंड तगड़ी टक्कर देगा लेकिन भारत 3-0 से जीतेगा

नई दिल्ली । 10 नवंबर । ब्यूरो

दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि बल्लेबाजों के लिए मददगार पिचों पर विकेट निकालना ही असली चुनौती है और इससे गेंदबाज की सही परीक्षा होती है.

हरभजन ने गुरुवार को यहां तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के साथ एक निजी कार्यक्रम के इतर संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही. उन्होंने कहा, "राजकोट में जारी भारत-इंग्लैंड मैच मैंने नहीं देखा है, लेकिन जिस तरह इंग्लैंड ने पहली पारी में 500 से ज्यादा का स्कोर बनाया है. उससे दो ही बातें कही जा सकती हैं कि या तो यह बल्लेबाजों के लिए बहुत अच्छा विकेट है या फिर भारतीय गेंदबाज चुनौतीपूर्ण विकेट पर अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाए. गत चार पांच वर्षों में मैंने यह पहली बार देखा है कि जब भारत में किसी विदेशी टीम ने एक पारी में 500 से अधिक का स्कोर बना दिया."



**इंग्लैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती**

हरभजन ने कहा, " मुझे नहीं पता कि सीरीज में आगे कैसे विकेट मिलेंगे, लेकिन इतना तय है कि इंग्लैंड सीरीज में भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगा."

हरभजन ने कहा कि इंग्लैंड स्पिन के खिलाफ उतनी कमजोर टीम नहीं है, जितना बताया जा रहा है. इंग्लैंड के पास एलेस्टेयर कुक, बेन स्टोक्स और मोईन अली के रूप में अच्छे बल्लेबाज हैं, जो स्पिन को बेहतर ढंग से खेल सकते हैं. इंग्लैंड की टीम भारत को कड़ी चुनौती देगी.

**जीत भारत की ही होगी**

भज्जी को उम्मीद है कि भारत इस सीरीज को जीतेगा और वह भी 3-0 के अंतर से. ऑफ स्पिनर ने कहा, "यह सीरीज की अभी शुरुआत है. मुझे पूरी उम्मीद है कि भारतीय खिलाड़ी अपना अच्छा प्रदर्शन इस सीरीज में भी बरकरार रखेंगे." हरभजन से यह पूछने पर कि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन जिस गति के साथ विकेट ले रहे हैं उसे देखते हुए क्या वह उनका या कुंबले का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे, भज्जी ने कहा, "रिकॉर्ड हमेशा तोड़ने के लिए बनते हैं. मैं उम्मीद करूंगा कि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा हमसे बेहतर करें और हमारे रिकॉर्ड को तोड़कर आगे निकलें."

### सकलैन ने धैर्य सिखाया: मोईन

**राजकोट:** इंग्लैंड के बल्लेबाज मोईन अली ने पहली पारी में शतक ठोकने के बाद कहा कि टीम के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार सकलैन मुश्ताक ने उन्हें धैर्य सिखाया है और इसी की बदौलत वह बड़ी पारी खेल सके. उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि यहां अच्छी स्पिन थी और कुछ रिवर्स स्विंग भी था. इस पिच पर धीमी गेंदें बाकी गेंदों के मुकाबले ज्यादा घूम रही थी. मुझे सकलैन ने धैर्य सिखाया है और वह इसके बारे में हमेशा बात करते हैं. हमें संयमित और धैर्य से खेलने की जरुरत होती है. वैसे बल्लेबाजी करने से पहले मैं बहुत अच्छा महसूस नहीं कर रहा था. मैं थोड़ा थका हुआ था."



कल तो मेरे पैर भी ठीक से उठ नहीं पा रहे थे, लेकिन मैंने स्थिति के अनुसार खेला."

### चोट का खतरा फिर भी होबार्ट में खेलेंगे स्टार्क

होबार्ट । 10 नवंबर । एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क चोट के गंभीर खतरे के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 12 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में खेलेंगे. ऑस्ट्रेलिया मेहमान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट गंवा चुका है. ऐसे में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने चोट के खतरे के बावजूद उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए चुना है.

टीम के फिजियो डेविड बेकले ने कहा, "स्टार्क ने चोट से वापसी करते हुए पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था और दूसरे टेस्ट के लिए भी



वह तैयार हैं. टीम का मेडिकल स्टाफ लगातार उनके साथ काम कर रहा है और उन्हें पूरी तरह फिट होने के लिए मदद कर रहा है." कोच डैरेन लेहमैन ने कहा, "तेज गेंदबाजों के चोटिल होने की संभावना हमेशा बनी रहती है और स्टार्क भी इससे जुदा नहीं हैं."

स्टार्क ने पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी की थी और एकबार फिर से होबार्ट में होने वाले दूसरे टेस्ट में भी गेंदबाजी की अगुवाई करने को तैयार हैं." उन्होंने कहा, "हमने यह फैसला तेज गेंदबाज पीटर सिडल के चोटिल होकर दूसरे टेस्ट से बाहर हो जाने के बाद लिया. हम सीरीज में वापसी के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमें पूरी उम्मीद हैं कि स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाज बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे."

# लोकमत औरंगाबाद मैराथन को लेकर जबर्दस्त उत्साह

औरंगाबाद । 10 नवंबर । खेल संवाददाता

लोकमत समूह की ओर से 11 दिसंबर को आयोजित की जाने वाली 'औरंगाबाद मैराथन' को जबर्दस्त प्रतिसाद मिल रहा है. स्पर्धा के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक पंजीयन बड़ी संख्या में हो रहे हैं. गुरुवार को तलवलकर्स जिम के कई सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक लोकमत औरंगाबाद मैराथन के लिए अपना पंजीयन किया. इससे पहले ग्लेनमार्क के कर्मचारियों ने सामूहिक पंजीयन किया था.

'मेरा जुनून और मैं', 'मेरी तरक्की का यही प्रेरणास्रोत है और सच्ची जीत वहीं होती है', 'जब जुनून को बढ़ावा मिलता है'. इसी घोषवाक्य को लेकर मैराथन की चार स्पर्धाएं 3 किमी, 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी में





आयोजित होंगी. 'फैमिली रन' 3 किमी की होगी. इसमें अभिभावकों सहित दो बच्चे (12 वर्ष से कम) एक हजार रुपए शुल्क भरकर पंजीयन कर सकते हैं.

'फन रन' में 5 किमी दूरी रखी गई इसमें 500 रुपए शुल्क अदा कर हिस्सा ले सकते हैं, जबकि 10 किमी 'पावर रन' के लिए 800 रुपए का शुल्क अदा करना पड़ेगा. इसी प्रकार 21 किमी की अर्धमैराथन में हिस्सा लेने के लिए 1000 रुपए शुल्क रखा गया है. स्पर्धा में भाग लेने वालों को 'फैमिली रन' के लिए गुडबैग, प्रमाणपत्र, जबकि अन्य वर्गों के प्रतिभागियों को टी-शर्ट, गुडीबैक और प्रमाणपत्र दिया जाएगा. प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए सेलेब्रिटी भी मैराथन में दौड़ेंगे. गारखेड़ा के संभागीय खेल संकुल में सुबह 5 बजे मैराथन की शुरुआत होगी. मैराथन की शुरुआत संभागीय खेल संकुल से होने के उपरांत शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए समापन संभागीय खेल संकुल पर ही होगा. नाम पंजीयन के लिए www.mycitymarathon.com वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉर्म भरे जा सकते हैं. इसी प्रकार फॉर्म छोटी जाहिरात कार्यालय, लोकमत भवन, जालना रोड पर उपलब्ध हैं, अधिक जानकारी के लिए 0240-6604502 और 8856800301 पर संपर्क कर सकते हैं.



औरंगाबाद में गुरुवार को लोकमत समूह की ओर से आयोजित मैराथन स्पर्धा में प्रवेश निश्चित करने के बाद प्रसन्न मुद्रा में तलवलकर्स जिम के सदस्य.

Organised by लोकमत | Powered by YOU TOO CAN RUN | Health & Fitness Partner RELAX-ZEAL | Mall Partner PROZONE LIFE BEGINS HERE | Food Partner KREAMN KRUNCH

### हरारे में जीत गए रे



हरारे में मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर चुकी श्रीलंकाई टीम के खिलाड़ी गुरुवार को ट्रॉफी के साथ.

### 'विकेट का जिम्मा अश्विन का ही नहीं'

राजकोट । 10 नवंबर । एजेंसी

रवींद्र जडेजा ने आज अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का बचाव करते हुए कहा कि इंग्लैंड के सभी विकेट हासिल करने की जिम्मेदारी केवल तमिलनाडु के इस गेंदबाज की ही नहीं है.

जडेजा ने कहा, "हमारे पास पांच गेंदबाज हैं और विकेट लेने की जिम्मेदारी केवल अश्विन की नहीं, बल्कि सभी पांच गेंदबाजों की है. " भारत के सभी पांच गेंदबाजों में जडेजा का विश्लेषण सबसे अच्छा रहा.

उन्होंने 30 ओवरों में 86 रन देकर तीन विकेट लिए, लेकिन उन्होंने दूसरे दिन केवल नौ ओवर किए. इस बारे में जब इस स्थानीय खिलाडी से पूछा गया तो उन्होंने इसे खास तवज्जो नहीं दी.

जडेजा ने कहा, "यह कप्तान की सोच थी. टीम के दृष्टिकोण से इसके पीछे उनके कुछ कारण रहे होंगे. मुझे नहीं लगता कि अश्विन और अमित मिश्रा को जानबूझकर अधिक गेंदबाजी देने की उनकी कोई रणनीति नहीं थी."

### ऐश्वर्या, पार्थ ने जीता स्वर्ण

**औरंगाबाद.** हाल ही में नाशिक में संपन्न हुई राष्ट्रीय यूनिफाइड स्पर्धा में औरंगाबाद के खिलाड़ी पार्थ कुलकर्णी, अभिषेक महारगुड़ और ऐश्वर्या तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया. इसी तरह रजत पदक पर सलमान शेख, हेमंत गंडेपाटील जबकि कांस्य पर वैशाली चव्हाण, सुहानी व्यास व अमृता अंभोरे ने कब्जा जमाया. खिलाड़ियों को संगठन के सचिव श्याम अंभारे, कोच अमृता भाटी, अनंता सोनुले, स्नेहा जाधव, राहुल दोंदे, संदीप दिवेकर, सचिन ढेकले का मार्गदर्शन मिला. स्वामी समर्थ स्कूल के संचालक विश्वासराव दाभाड़े, मुख्याध्यापिका मेघना विजयवर्गीय, पीयू जैन, सुनील सेठी, आशादेवी कला, विजय पाटोदी ने अभिनंदन किया.

# माया ने क्यों रखवाए सेलफोन, कयासों का दौर

मीना-कमल
लखनऊ । 10 नवंबर

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आज पार्टी को-ऑर्डिनेटरों और संभावित उम्मीदवारों की बैठक बुलाई. दिलचस्प यह रहा कि उन्होंने बैठक के पूर्व सभी के सेलफोन जमा कराए और फिर बैठक की. कल अचानक शाम पांच बजे सभी संभावित उम्मीदवारों को माया ने घर तलब किया था. इससे उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में कई कयास लगने लगे.

सियासी जानकार कह रहे हैं कि राजनीतिक पार्टियों ने प्रधानमंत्री द्वारा 500 तथा 1000 रुपए के नोट बंद किए जाने की घोषणा के बाद से 'बंद द्वार' बैठकों का जो दौर चला रखा है, उनमें ये बैठकें भी थीं. अचानक बुलावे पर पहुंचे बसपा के कई उम्मीदवारों ने कल की रात लखनऊ के होटलों में गुजारी और आज बैठक में शामिल हुए.

कयास लगते रहे कि ये उम्मीदवार बटलर पैलेस रोड स्थित शालीमार ग्रैंड तथा हजरतगंज के सप्रू मार्ग गोमतीनगर के मंत्री आवास जैसी जगहों पर आना-जाना क्यों कर रहे थे. मायावती ने हालांकि कहा कि उनके भाषण और बसपा के कामकाज का वीडियो तैयार कराया गया है, जिसे प्रत्येक विधानसभा में दिखाया जाना है. लिहाजा, उम्मीदवारों को बुलाकर उसे दिखाया गया.

# शराबबंदी से रसगुल्ले की बिक्री बढ़ी: नीतीश

मोतिहारी । 10 नवंबर । एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज दावा किया कि प्रदेश में शराबबंदी के बाद से पिछले सात महीने के दौरान राज्य में रसगुल्ले की बिक्री 16.25 प्रतिशत बढ़ी है. अपनी 'निश्चय यात्रा' के क्रम में आज पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में एक 'चेतना सभा' को संबोधित करते हुए नीतीश ने आज दावा किया कि बिहार में शराबबंदी के बाद से पिछले सात महीने के दौरान राज्य में 'रसगुल्ला' की बिक्री 16.25 प्रतिशत बढ़ी है. इसके अलावा पेड़े, पनीर और दही मठ्ठा की भी बिक्री बढ़ गई है. उल्लेखनीय है कि कल पड़ोसी पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया से अपनी 'निश्चय यात्रा' की शुरुआत करते हुए नीतीश ने दावा किया था कि प्रदेश में शराबबंदी के बाद से दूध की बिक्री में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है.

लोकमत समाचार Classifides

शेष विज्ञापन

**श्रीराम फायनान्स कंपनीद्वारे** प्रधानमंत्री जनधन योजनेच्या अंतर्गत मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, बेरोजगारी, बिजनेस, आधारकार्ड समस्त लोन 12 तासात 1% व्याज, 50% सूट (धोका खाल्लेल्यांनी संपर्क करावा) टोल फ्री 0 8 4 6 7 8 7 1 4 9 2, 07291837420 (KH-32586)

**खर्च लोनमधून कटेल (गर्व्ह. अप्रुव्ड)** जनकल्याण फायनान्स मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, समस्त लोन 2%, व्याज 40% सूट (महिलांना विशेष सूट) 0 9 0 7 3 0 1 1 6 7 1, 09073013722 फसवणुक झालेल्यांनी अवश्य फोन करा. (KH-3 3 0 4 0)

**नो फाईल चार्ज/ गॅरन्टर सर्व** प्रकारचे लोन 1 ते 90 लाखापर्यंत लोन उपलब्ध. 2% व्याज, सूट 40% आधारकार्ड, BPL कार्डवर पण लोन. एजंट ऑफर. दिवान फायनान्स (रजि) 9643417397, 8447893755 (PA-32565)

**बजाजा फायनान्स प्रधानमंत्री** जनधन योजनेच्या अंतर्गत समस्त लोन 12 तासात. व्याज 2%, खर्च 1150/- महिलांना विशेष सूट. 0 9 5 8 2 3 4 2 3 9 8, 07053729956 (NI-33596)

**गणपती फायनान्स लिमिटेड** सरकारी योजनेच्या अंतर्गत मिळवा मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, रेशनकार्ड, आधारकार्ड, BPL कार्ड इ. लोन 1% व्याज, 40% सूट 0 8 3 7 3 9 3 5 6 5 9, 08373935534 (GU-33601)

**महेन्द्रा फायनान्स (रजि) कंपनी** जनकल्याण योजना अंतर्गत करेल सर्व लोन 1% व्याज, 50% सर्व बँकांद्वारे सुलभ किश्तीवर (जय माता दी 334) 9718957686, 8447488433 (KH-33963)

**P/L, Property, Business,** Home All Types of Loans in 24 hrs, Int. 2%, 7859933337, 7862877773. (RA-33970)

**मुद्रिका फायनान्स लोन व** एजंटकरिता कं. शी संपर्क करा 0 7 5 3 4 9 7 6 5 4 3, 7533994111, औरंगाबाद 7351444489 लातूर-8057447508, नांदेड 7088008550, परभणी 8191008550, बीड-7351004140, जालना 8938998765, उस्मानाबाद 7055500110, कोल्हापूर 8449006671, ओस्मनाबाद 8449013456, अहमदनगर 7533978627, नागपूर-7248423377 (GU-34038)